हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
# मेट्रो सिटी
नागपुर, गुरुवार, 12 जून 2025

## घातक शस्त्रों के साथ आरोपी गिरफ्तार

**नागपुर.** क्राइम ब्रांच यूनिट 5 की टीम ने गोपनीय जानकारी के आधार पर छापा मार कार्रवाई करते हुए एक युवक को घातक शस्त्रों के साथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई कलमना थाना क्षेत्र के गौरीशंकर नगर में की गई, जहां आरोपी के घर से तलवार, चाकू, कोयता और भाले जैसे घातक हथियार बरामद किए गए हैं। पुलिस टीम पेट्रोलिंग कर रही थी, तभी उन्हें जानकारी मिली कि गौरीशंकर नगर, प्लॉट नं. 38, शिव मंदिर के पास रहने वाले दो भाईयों ने अपने घर में अवैध रूप से शस्त्र जमा किए हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंचकर एक आरोपी शक्ती प्रकाश शिंदे (20) को पकड़ा। घर की तलाशी में एक लोहे की तलवार, प्लास्टिक कवर वाला चाकू, लकड़ी की मूठ वाला कोयता और लोहे के मूठ वाला भाले का फल मिला जिनकी कुल कीमत लगभग 1400 है। आरोपी अपने बड़े भाई उमेश प्रकाश शिंदे (32), जो कि एक वांछित अपराधी है, के साथ किसी गंभीर अपराध की योजना बना रहा था।

# शहर में बनेगा 857 बेड का मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल

**नागपुर.**

शहर के लिए महत्वाकांक्षी योजना के रूप में मंजूर डॉ. बाबासाहब आंबेडकर मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल व अनुसंधान केंद्र के सारे पेंच सुलझ चुके हैं। उत्तर नागपुर में बनने वाले इस विशाल अस्पताल के निर्माण के लिए पुणे की कंपनी को 402.08 ठेका दिया गया है। इस पूरे काम की निगरानी नागपुर महानगर प्रदेश विकास प्राधिकरण (एनएमआरडीए) द्वारा की जाएगी। इस अस्पताल में 857 बिस्तर (बेड) की क्षमता होगी। इस अस्पताल के बनने से दूसरे सरकारी अस्पतालों का बोझ कम होगा। उत्तर-मध्य नागपुर के साथ ही नागपुर से सटे उत्तर क्षेत्र के शहरों व ग्रामीण क्षेत्रों की आबादी को इसका लाभ मिलेगा।



### विदर्भ व अन्य राज्यों को मिलेगा लाभ

डॉ. बाबासाहब आंबेडकर मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र की मातृसंस्था के रूप में इंदिरा गांधी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय व अस्पताल (मेयो) कार्यरत होगी। इसके निर्माण से पीजी स्टूडेंटस् को ट्रेनिंग का लाभ मिलेगा। वहीं पीजी की सीटें भी बढ़ेंगी। विदर्भ के साथ ही अन्य राज्यों के मरीजों को इस अस्पताल का लाभ मिलेगा।

**अलग-अलग सुपर स्पेशलिटी सेवा :** अस्पताल में अलग-अलग सुपर स्पेशलिटी विभाग होंगे। इसमें हृदय रोग, न्यूरोलॉजी, बाल रोग, गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी, पैथोलॉजी, हिमेटोलॉजी, श्वसन रोग, अस्थि रोग, स्त्री रोग व प्रसूति, माइक्रोबायोलॉजी, सर्जिकल कैज्युअल्टी, मानसिक रोग, आईसीयू, एनेस्थेसिया, ट्रॉमा, नाक-कान-गला आदि शामिल है। इसके अलावा नर्सिंग कॉलेज व पैरामेडिकल संस्थान के साथ रेजिडेंस डॉक्टरों के निवास भी प्रस्तावित है।

# 'सक्षम' से जागी उद्यमिता की चेतना

## युवाओं को मिला नया दृष्टिकोण

**नागपुर.**

युवाओं में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा विभिन्न पहलों को क्रियान्वित किया जा रहा है। इसी के तहत पिछले दो वर्षों में 'उद्यम लर्निंग फाउंडेशन' द्वारा धर्मार्थ संगठनों के माध्यम से नागपुर और अमरावती जिलों के सरकारी और अनुदानित स्कूलों तथा जूनियर कॉलेजों में 'सक्षम' नामक विशेष पहल को क्रियान्वित किया गया। इससे पता चला कि विद्यार्थियों के मन में उद्यमिता की मानसिकता विकसित करने वाला कार्यक्रम कारगर रहा। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की दूरदर्शिता से इस पहल को क्रियान्वित किया गया। उद्यम लर्निंग फाउंडेशन एक गैर-लाभकारी संगठन है, जिसकी स्थापना मेकिन माहेश्वरी ने गैर-लाभकारी आधार पर की है। इस संगठन द्वारा क्रियान्वित 'सक्षम' कार्यक्रम का उद्देश्य 14 से 25 वर्ष की आयु के विद्यार्थियों में परियोजना आधारित शिक्षा के माध्यम से उद्यमिता की मानसिकता और कौशल का विकास करना तथा शिक्षकों को शिक्षण कौशल में दक्षता प्रदान करना था। यह कार्यक्रम छात्रों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और समस्या-समाधान कौशल बढ़ाने में मदद करेगा और इसका उद्देश्य राज्य के 17,000 स्कूलों और जूनियर कॉलेजों के लगभग 45 लाख छात्रों को प्रोत्साहित करना है। अब तक, संगठन ने 12 राज्यों के सरकारी स्कूलों, कॉलेजों और आईटीआई संस्थानों में 29 लाख से अधिक छात्रों को उद्यमशीलता की शिक्षा दी है। हमने नवोदित उद्यमियों को अपने व्यवसाय को आकार देने और विकसित करने के लिए राज्य में सही माहौल प्रदान किया है। चूंकि हर साल लगभग 14 लाख युवा जनशक्ति महाराष्ट्र में प्रवेश करती है, इसलिए 'सक्षम' जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से दिया जाने वाला प्रोत्साहन उनके हाथों को और अधिक कुशल बनाने के लिए अधिक उपयोगी होगा, ऐसा मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विश्वास व्यक्त किया है।

यदि राज्य सरकार की एजेंसियों, स्थानीय स्वशासन निकायों और गैर



सरकारी संगठनों के बीच समन्वय करके 'सक्षम' जैसे कार्यक्रमों को व्यापक स्तर पर लागू किया जाता है, तो यह शिक्षा के माध्यम से उद्यमिता की नींव रखने का एक प्रभावी उदाहरण होगा, ऐसा मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विश्वास व्यक्त किया है।

2023-24 में, सक्षम पहल को नागपुर जिले के चुनिंदा स्कूलों में लागू किया गया। इस पहल के माध्यम से, हम छात्रों के मन में एक ऐसी संस्कृति को स्थापित करने में सक्षम थे जो उनके स्कूली जीवन के दौरान उद्यमशीलता को बहुत प्रभावी ढंग से बढ़ावा देती है। हम संतुष्ट हैं कि हम सर्वोत्तम संभव तरीके से कौशल शिक्षा का सफल प्रयास करने में सक्षम थे। इसके माध्यम से छात्रों को यह प्रत्यक्ष अनुभव मिला कि नौकरी/स्वरोजगार कैसे बनाया जा सकता है। इससे छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ा। यह पहल भविष्य में भी बड़ा परिवर्तन हासिल करेगी, ऐसा नागपुर जिला परिषद की तत्कालीन मुख्य कार्यकारी अधिकारी सौम्या शर्मा ने कहा। उद्यम के माध्यम से, राज्य में अब तक नागपुर जिला परिषद के 30 स्कूलों में पायलट प्रोजेक्ट लागू किए गए हैं और 40 प्रोजेक्ट प्रदर्शित किए गए हैं। यह कार्यक्रम अमरावती जिला परिषद के 212 स्कूलों के आठ हजार छात्रों के साथ लागू किया गया है और 2025-26 में इसे 400 स्कूलों तक विस्तारित किया जाएगा।

सक्षम कार्यक्रम के माध्यम से, जिसमें राज्य में 15 हजार छात्रों ने भाग लिया, 2500 से अधिक व्यावसायिक विचार प्रस्तुत किये गए, 1500 प्रोटोटाइप बनाए गए और 500 से अधिक छात्रों ने अपने उत्पाद बेचे। उद्यम लर्निंग फाउंडेशन के अनुसार, कुल मिलाकर छात्रों के रवैये में सकारात्मक बदलाव आया है और 500 शिक्षकों को उद्यमिता पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।

# तहसील में चाकूबाजी और रॉड से हमला

## क्राइम ब्रांच ने 2 घंटे में दबोचे 3 आरोपी

**नागपुर.**

शहर के तहसील थाना क्षेत्र में हत्या के प्रयास का एक मामला सामने आया है, जिसमें 25 वर्षीय यशवंत राजू नंदनवार गंभीर रूप से घायल हो गए। क्राइम ब्रांच यूनिट 03 ने तत्परता दिखाते हुए घटना के मात्र दो घंटे के भीतर तीनों आरोपियों को धर दबोचा। मिली जानकारी के अनुसार, फरियादी यशवंत नंदनवार कुछ दिन पहले अपने मामा राकेश गणेश हेडाऊ (30) के साथ महादेव मंदिर, पाचपावली गए थे। वहां आरोपी प्रेम उर्फ खंड्या छोटूलाल कुंभारे (20) ने उनकी एक्टिवा गाड़ी रोककर धीमी चलाने को कहा और "देख लेने" की धमकी दी थी। दिनांक 09 जून को रात करीब 9:00 बजे, फरियादी नंगापुतला चौक, अलीशान कपड़े की दुकान के पास अपने दोस्तों के साथ पानी पूरी खाने गए थे। तभी आरोपी प्रेम कुंभारे के साथ जय दिलीप गांधी (19) और सक्षम क्षीरसागर तांबे (20) मोटरसाइकिल पर आए।



तीनों ने मिलकर फरियादी को गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। आरोपी प्रेम कुंभारे ने यशवंत को जान से मारने की नीयत से चाकू से वार किया, हालांकि यशवंत ने उसे चकमा दे दिया। इसके बाद आरोपी सक्षम क्षीरसागर तांबे ने लोहे की रॉड से यशवंत के सिर और पैर पर कई वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हमले के बाद तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल यशवंत नंदनवार को तुरंत मेयो अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। फरियादी की शिकायत के आधार पर तहसील पुलिस थाने में आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 109, 296, 351(3), 3(5) के तहत मामला दर्ज किया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही, क्राइम ब्रांच यूनिट 03 के अधिकारियों और कर्मचारियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सूचना जुटाई और आरोपियों की तलाश शुरू की। गहन छानबीन के बाद, पांचपावली इलाके से तीनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया।

आरोपियों को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए तहसील पुलिस के हवाले कर दिया गया है और मामले की आगे की जांच जारी है। यह कार्रवाई पुलिस उप आयुक्त (डिटेक्शन) राहुल माकणीकर और सहा. पुलिस आयुक्त अभिजीत पाटिल के मार्गदर्शन में पुलिस निरीक्षक अनिल ताकसांडे, पुलिस उपनिरीक्षक मधुकर काठोके, पुलिस हवलदार संतोषसिंह ठाकुर, विजय श्रीवास, भुषण भगत, पुलिस कांस्टेबल कपिलकुमार तांडेकर, जितेश रेड्डी, दिपक दासरवार, दिपक लाकड़े, विशाल रोकडे और प्रमोद देशभ्रतार की टीम ने की ।

# कुख्यात चोर बजरंग लगा पुलिस के हाथ

## चोरी के 6 मामलों का हुआ खुलासा, 6.55 लाख का माल जब्त

**नागपुर.**

हुडकेश्वर पुलिस ने गश्त और तकनीकी जांच के आधार पर एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर 6 मामलों का खुलासा करते हुए 6.55 लाख रुपये का माल जब्त किया है। बताया जा रहा है कि पकड़ा गया यह शातिर चोर कामठी के प्रसिद्ध ड्रैगन पैलेस में भी चोरी की वारदात को अंजाम दे चुका है। उसके खिलाफ नागपुर शहर और ग्रामीण परिक्षेत्र में 68 से अधिक चोरी के मामले दर्ज होने की भी जानकारी है। जानकारी के अनुसार 25 मई को हुडकेश्वर क्षेत्र के इंगोले नगर में चोरी की एक घटना घटित हुई थी, जहां डोमाजी यादवराव सोनवने अपने परिवार सहित ससुराल गए हुए थे। इसी दौरान अज्ञात आरोपी ने उनके घर का ताला तोड़कर भीतर घुसते हुए 7500 रुपये नकद और सोने-चांदी के गहनों सहित कुल 255500 रुपये का माल चुरा लिया। इस प्रकरण में हुडकेश्वर थाने में अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्य और गुप्त जानकारी के आधार पर इस शातिर चोर की पहचान की थी और जाल बिछाकर आरोपी दीपक उर्फ बजरंग उर्फ भजन ब्रह्मदास बंसोड (40) सावली, ता. खैरलांजी, जि. बालाघाट (म.प्र.), निवासी को पकड़ लिया । वह अभी प्रधानमंत्री आवास योजना, तरोडी खुर्द, मैं किराए के कमरे में रह रहा था। पूछताछ में आरोपी ने ना केवल इस घरफोडी की वारदात की कबूली दी बल्कि हुडकेश्वर क्षेत्र में हुई कुल 5 वाहन चोरी की घटनाओं का भी खुलासा किया।



पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घरफोडी में इस्तेमाल की गई मोटरसायकल (एम.एच 49 बी.ई 1948) चोरी गए सोने के गहने, चोरी की गई पांच दोपहिया वाहनों सहित करीब 6.55

लाख रुपये का माल जब्त किया गया। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि बजरंग के खिलाफ नागपुर शहर व ग्रामीण थाना क्षेत्र में चोरी के 68 से अधिक मामले दर्ज हैं। साल 2017 में बजरंग ने कामठी के प्रसिद्ध ड्रैगन पैलेस में भी चोरी की थी। हालांकि साल 2018 में पुलिस ने उसे इस मामले में गिरफ्तार कर लिया था। बताया जा रहा है कि इससे पहले तीन बार बजरंग को सजा भी हो चुकी है। बावजूद इसके उसने चोरी की अपनी वारदातों को अंजाम देना छोड़ नहीं।

इस महत्त्वपूर्ण कार्रवाई का नेतृत्व वपुनि. ज्ञानेश्वर भेदोडकर के मार्गदर्शन में दुपुनि. नागेश चतरकर, सपोनि. पंकज चके, पुउपनि. शैलेष ठवरे, पोहवा. सतिश मानके, गणेश बोन्द्रे, नापुअं. राजेश मोते, मुकेश कन्नाके, पुअं. राजेश धोपटे, गौरव गजभिये और मपुअं. वंदना काटोले की टीम ने किया।

# घातक शस्त्र लेकर घूम रहा युवक गिरफ्तार

**नागपुर.** अंबाझरी पुलिस ने पेट्रोलिंग के दौरान घातक शस्त्र के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है, जो संदिग्ध हालात में चाकू लहराते हुए हुड़दंग कर रहा था। आरोपी की पहचान सूरज उर्फ आवा विजय रामटेके (29) सिंगल लाइन, पांढराबोडी निवासी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 11 जून की तड़के करीब 2:15 बजे अंबाझरी थाना क्षेत्र में गश्त के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि संजय नगर, माता मंदिर के पास एक युवक हुड़दंग रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची, जहां आरोपी उन्हें दिखाई दिया। पुलिस ने उसे तत्काल काबू में लेकर पूछताछ की और तलाशी के दौरान उसकी जेब से एक लोहे का धारदार चाकू बरामद किया गया। पुलिस का कहना है कि आरोपी यह हथियार किसी गंभीर अपराध की मंशा से लेकर घूम रहा था। इस संबंध में अंबाझरी पुलिस थाने में आरोपी के खिलाफ धारा 4/25 तथा महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम की धारा 135 के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस आगे की जांच कर रही है।

# एमआईडीसी पुलिस का तीन राज्यों में चला खोजी अभियान

## अपहृत नाबालिग बालिका सकुशल बरामद

**नागपुर.** शहर के एमआईडीसी थाना क्षेत्र से लापता हुई 15 वर्षीय नाबालिग बालिका को पुलिस ने सतर्कता और सूझबूझ से राजस्थान, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र में चलाए गए विशेष खोज अभियान के माध्यम से सुरक्षित बरामद किया है। इस सराहनीय कार्रवाई से एक गंभीर अपहरण के मामले का सफलतापूर्वक खुलासा हुआ है। जानकारी के अनुसार यह घटना दिनांक 3 जून की है, जब 44 वर्षीय शिकायतकर्ता की नाबालिग बेटी घर से ट्यूशन का बहाना बताकर निकली और वापस नहीं लौटी। परिजनों ने खोजबीन की, लेकिन लड़की का कुछ पता न चलने पर एमआईडीसी थाने में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर अपहरण करने की आशंका के आधार पर मामला दर्ज किया गया। एमआईडीसी पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य और मुखबिरों की जानकारी के आधार पर बालिका के हौशंगाबाद (म.प्र.) में होने का सुराग लगाया। जब टीम वहां पहुँची, तो जानकारी मिली कि बालिका अजमेर (राजस्थान) रवाना हो चुकी है। पुलिस टीम ने लगातार स्थान बदल रही बालिका का पीछा करते हुए जयपुर, उज्जैन होते हुए अंततः इंदौर की एक झोपड़पट्टी में 14 घंटे की अथक खोज के बाद उसे सकुशल ढूंढ निकाला। बालिका को नागपुर लाकर समुपदेशन किया गया और बाद में उसे उसके पिता के सुपुर्द किया गया। यह संपूर्ण अभियान बालिका की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए अत्यंत संवेदनशीलता और तत्परता के साथ संपन्न किया गया।

इस कार्रवाई का नेतृत्व लोहित मतानी, पुलिस उपायुक्त (परिक्षेत्र १) एवं सतीश गुरव, सहायक पुलिस आयुक्त (एमआयडीसी विभाग) के मार्गदर्शन में वपुनि. गोकुल महाजन, महिला पुलिस उपनिरीक्षक रेशमा सरगर, पुउपनि. प्रशांत पवार, पोहवा. ओमप्रकाश भारतीय, नापुअं. विकांत देशमुख, पुअं. धर्मेंद्र यादव और स्वप्नील करंडे ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# झपट्टामार मोबाइल चोर चढ़े पुलिस के हत्थे, वृद्ध से लूटा था फोन

**नागपुर.** शहर के सीताबर्डी थाना क्षेत्र में सुबह टहलने निकले एक 80 वर्षीय वृद्ध से मोबाइल फोन छीनकर भागे दो लुटेरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई सीसीटीवी फुटेज और गुप्त सूचना के आधार पर की गई। पकड़े गए आरोपियों की पहचान जुनैद खान (निवासी सिंधीवन झोपड़पट्टी) और शेख शहबाज (निवासी आजाद कॉलोनी, सक्करदरा) के रूप में हुई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार यह वारदात 9 जून की सुबह उस समय हुई जब वृद्ध सुधाकर मोरे रोज की तरह टहलने निकले थे। तभी दोनों आरोपी पीछे से आकर उनका मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ ही मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दोनों आरोपियों को धर दबोचा। आरोपियों के पास से दो मोबाइल फोन और कुल 26,000 रुपये का माल जब्त किया गया है। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या आरोपी पहले भी ऐसी वारदातों में शामिल रहे हैं।

# ज्ञानयोगी डॉ. जिचकार ई-लाइब्रेरी बनी सफलता की सीढ़ी

**नागपुर.**

महानगरपालिका द्वारा पांच वर्ष पहले जयताला में शुरू की गई ज्ञानयोगी डॉ. श्रीकांत जिचकार ई-लाइब्रेरी का लाभ उठाकर अनेक विद्यार्थी तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थी सरकारी सेवा में आ चुके हैं। शहर के एक छोर पर स्थित यह ई-लाइब्रेरी आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के लिए आशा की किरण बन रही है। नगर निगम आयुक्त एवं प्रशासक डॉ. अभिजीत चौधरी, अपर आयुक्त वैष्णवी बी. एवं शिक्षा अधिकारी साधना सैयाम के मार्गदर्शन में नगर निगम के पुस्तकालयों को अध्ययन केन्द्र के रूप में तेजी से विकसित किया जा रहा है। प्रारंभ में, नगर निगम जयताला में नागरिकों के लिए समाचार पत्र पढ़ने के लिए एक अध्ययन कक्ष चला रहा था। इस क्षेत्र के छात्रों के पास अध्ययन करने के लिए निजी अध्ययन के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं था। इसलिए, छात्र मासिक शुल्क का भुगतान नहीं कर सकते थे। नगर निगम ने 2019 से अध्ययन कक्ष के स्वरूप को ई-लाइब्रेरी में बदल दिया । 2021 से छात्रों को अध्ययन कक्ष में समाचार पत्र पढ़ने के अलावा ई-लाइब्रेरी में अध्ययन करने का अवसर मिलना शुरू हो गया है। इस ई-लाइब्रेरी में पढ़ने आने वाले छात्रों के मन में ज्ञानयोगी डॉ. श्रीकांत जिचकर का आदर्श होना चाहिए, पढ़ने वाला छात्र डॉक्टर, इंजीनियर, सीए बने, आईएएस, आईपीएस जैसी बड़ी परीक्षाओं को पास करे, बैंक, रेलवे और अन्य सरकारी पदों के लिए चयनित हो , ताकि छात्र डॉ. श्रीकांत जिचकर की तरह बड़ी सफलता हासिल कर सकें। इस लाइब्रेरी में ज्ञानयोगी डॉ. श्रीकांत जिचकर ई-लाइब्रेरी का नाम देकर छात्रों के सामने एक महान आदर्श रखा गया है





### विद्यार्थियों की सफलता से प्रेरित पुस्तकालय, सुविधाएं होंगी और बेहतर

जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों तथा चंद्रपुर , वर्धा , गढ़चिरौली , भंडारा , गोंदिया जैसे जिलों से विद्यार्थी इस पुस्तकालय का लाभ उठा रहे हैं। हर वर्ष विभिन्न पदों पर नौकरी प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों का सम्मान, सराहना तथा अनुभव साझा करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं , जिससे अन्य विद्यार्थियों को सफलता प्राप्त करने की प्रेरणा मिलती है। विद्यार्थियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए कुछ कमरों में अध्ययन सुविधाएं भी बढ़ाई जाएंगी, ऐसी जानकारी भारतीय शिक्षण संस्थाओं के निदेशक श्री. ज्ञानेश्वर चौधरी ने दी।

नागपुर के जयताला क्षेत्र में मनपा मान्यता प्राप्त भारतीय शिक्षण संस्था द्वारा संचालित ई-लाइब्रेरी विद्यार्थियों के लिए आशा का केंद्र बन गई है। वर्तमान में इसके 910 सक्रिय सदस्य हैं। एमपीएससी, यूपीएससी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए संदर्भ सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। मनपा नियमों के तहत यह लाइब्रेरी सुबह 8 से रात 8 बजे तक खुली रहती है, लेकिन परीक्षा काल में समय रात 10 बजे तक बढ़ा दिया गया है। यहां निशुल्क पुस्तकें, कंप्यूटर-इंटरनेट, एसी कमरे, भोजन और पेयजल व्यवस्था उपलब्ध है। एक ही दिन में 250 से अधिक छात्र इसका लाभ उठा रहे हैं। संस्था के निदेशक ज्ञानेश्वर चौधरी ने बताया कि छात्रों की सुविधा के लिए भविष्य में और सुविधाएं जोड़ी जाएंगी।

# लक्की शाहू चोरी के माल के साथ गिरफ्तार, 1.75 लाख का माल जब्त

**नागपुर.**

शहर में लगातार हो रही चोरियों पर लगाम कसते हुए क्राइम ब्रांच की यूनिट 3 ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने दसरा रोड, कोतवाली निवासी कुख्यात चोर योगेश उर्फ लक्की शाहू को चोरी के माल के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी से करीब 1 लाख 75 हजार रुपए का चोरी का सामान जब्त किया गया है। लक्की शाहू को सेंट्रल एवेन्यू रोड स्थित लकड़गंज इलाके से उस वक्त गिरफ्तार किया गया, जब वह चोरी का माल बोरी में भरकर बेचने की फिराक में खड़ा था।

पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी, जिसके आधार पर उसे धरदबोचा गया। गौरतलब है कि दो दिन पहले ही लक्की की महिला मित्र सोनू शाहू और नरेश महिलांगे को भी चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। यह गिरोह लंबे समय से शहर में सक्रिय था। बहादुरा फाटा निवासी मंगेश वाघमारे ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि सीए रोड स्थित आरके हॉस्पिटल से वायर के तीन बंडल चोरी हो गए हैं। इसी शिकायत की जांच के दौरान लक्की का नाम सामने आया।



पूछताछ में पता चला कि लक्की चुराए गए वायर के बंडल रुपेश पिंपलघरे, प्रफुल नसीने और शेखर नसीने को बेचता था। आरोपी से पांच पुराने चोरी के मामलों का भी खुलासा हुआ है।

इनमें लकड़गंज, सोनेगांव, धंतोली के दो मामले), अजनी और सदर थाने में प्रकरण दर्ज हैं। इस कार्रवाई का नेतृत्व पुलिस निरीक्षक अनिल ताकसांडे ने किया। उनके साथ उपनिरीक्षक मधुकर काठोके, हवलदार संतोषसिंह ठाकुर, विजय श्रीवास, भूषण भगत, कपिलकुमार तांडेकर, संतोष ठाकुर, जितेश रेड्डी, दीपक दासरवार, दीपक लाकडे, विशाल रोकडे और प्रमोद देशभ्रतार की टीम ने अहम भूमिका निभाई। पुलिस अब लक्की के अन्य साथियों और चोरी के अन्य मामलों की भी जांच कर रही है।

# काटोल-कोंढाली आधार सेवा केंद्र तीन महीने से बंद

## नागरिकों में रोष, विद्यार्थियों को भारी परेशानी

**कोंढाली.**

कोंढाली और काटोल क्षेत्र में पिछले तीन महीनों से आधार सेवा केंद्र बंद पड़े हैं, जिससे स्थानीय नागरिकों, विशेष रूप से स्कूली विद्यार्थियों, अभिभावकों और वरिष्ठ नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। केंद्र के बंद होने से आधार कार्ड का नया पंजीकरण, संशोधन या अपडेट जैसे आवश्यक कार्य नहीं हो पा रहे हैं, जिससे कई शासकीय योजनाओं, छात्रवृत्तियों और अन्य सरकारी लाभों से लोग वंचित हो रहे हैं।




कोंढाली नगर पंचायत के अंतर्गत ढाई वर्ष पूर्व शुरू हुआ आधार सेवा केंद्र तकनीकी कारणों से विगत तीन महीनों से बंद है। इसके चलते कोंढाली, काटोल, रिधोरा, मासोद, मेटपांजरा, बाजारगांव जैसे ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को आधार से संबंधित कार्यों के लिए शहर की ओर रुख करना पड़ रहा है, जिससे समय, पैसा और मेहनत तीनों की बर्बादी हो रही है। विद्यालय और महाविद्यालयों में पढ़ने वाले लगभग 500 विद्यार्थियों को आधार अपडेशन में देरी के कारण छात्रवृत्ति और परीक्षा फॉर्म भरने में अड़चनें आ रही हैं। वेबसाइट ठीक से कार्य नहीं कर रही और वैकल्पिक व्यवस्था न होने से विद्यार्थी और उनके पालक केंद्र के चक्कर लगाकर थक चुके हैं।

इस गंभीर समस्या को लेकर कोंढाली के अभिभावकों और नागरिकों ने क्षेत्रीय विधायक चरण सिंह ठाकुर से मांग की है कि काटोल, कोंढाली और आसपास के सभी स्वीकृत आधार सेवा केंद्रों को तत्काल पुनः शुरू किया जाए। साथ ही, नागपुर जिला भाजपा के महासचिव दिनेश ठाकरे को भी इस संदर्भ में ज्ञापन सौंपा गया है।

### सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित

आधार सेवा केंद्र बंद होने से नागरिकों को निम्न योजनाओं और सेवाओं का लाभ उठाने में परेशानी हो रही है:
छात्रवृत्ति प्राप्त करने में देरी, बैंक खाता खोलने में अड़चन, राशन कार्ड की प्रक्रिया में रुकावट, पेंशन और अन्य सामाजिक योजनाओं के लाभ में बाधा.

**मांग – तुरंत शुरू हो केंद्र**

नागरिकों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि जैसे ही शैक्षणिक सत्र शुरू हो रहा है, वैसे ही आधार सेवा केंद्रों को फिर से चालू किया जाए ताकि विद्यार्थियों को भविष्य में किसी भी प्रकार की कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।

**नागरिकों का कहना है कि**

"यह केंद्र बंद होने से हमारी परेशानियां बढ़ गई हैं, विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों के लिए आधार अपडेट कराना जरूरी है। जल्द से जल्द यह सेवा फिर शुरू की जानी चाहिए।"

# एसपी हर्ष पोद्दार को मिला राष्ट्रीय सम्मान

## > मिड करियर प्रशिक्षण में देशभर में टॉप रैंक

### हैदराबाद में हुए प्रशिक्षण में देशभर के 82 वरिष्ठ अधिकारियों में अव्वल

**नागपुर.**

नागपुर ग्रामीण के पुलिस अधीक्षक हर्ष पोद्दार ने एक बार फिर से अपने उत्कृष्ट कार्य से जिले और राज्य का नाम रोशन किया है। हैदराबाद स्थित राष्ट्रीय पुलिस अकादमी में आयोजित मिड करियर प्रशिक्षण कार्यक्रम में देशभर से चयनित 82 वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के बीच उन्होंने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि के लिए उन्हें "हाई परफॉर्मेंस सर्टिफिकेट" से सम्मानित किया जाएगा।




यह प्रशिक्षण कार्यक्रम भारतीय पुलिस सेवा के पुलिस अधीक्षक से लेकर पुलिस उपमहानिरीक्षक स्तर के अधिकारियों के तकनीकी और प्रशासनिक कौशल को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में हर्ष पोद्दार ने न केवल उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, बल्कि देश के टॉप 5 अधिकारियों में पहला स्थान प्राप्त कर नई मिसाल कायम की। प्रशिक्षण का समापन 9 जून को हुआ और उसी दिन अंतिम परिणाम घोषित किए गए। हर्ष पोद्दार की इस उपलब्धि को राज्य पुलिस सेवा के लिए प्रेरणादायी उदाहरण के रूप में देखा जा रहा है।

ग्रामीण पुलिस विभाग से किसी अधिकारी द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर ऐसी उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करना न केवल विभाग की प्रतिष्ठा बढ़ाता है, बल्कि यह भी सिद्ध करता है कि कड़ी मेहनत और समर्पण से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। युवा अधिकारियों के लिए यह एक प्रेरणा का स्रोत बन गया है।

# पूर्व सरपंच कापसे को अंगदान करने की शासन ने दी मंजूरी

**कामठी.**



केंद्र सरकार के स्वास्थ्य विभाग ने खैरी ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच मोरेश्वर उर्फ बंडू कापसे के मरणोपरांत ( ब्रेस्टेन / कार्डियक ) अंगदान करने की मंजूरी दे दी है। यह एक महत्वपूर्ण कदम है, जो अंगदान को बढ़ावा देने और लोगों के जीवन को बचाने में मदद करेगा। अंगदान में लिवर, किडनी, हार्ट, लंग, इंटेस्टाइन, पेनक्रियाज, बोन, हार्ट वाल्व, स्किन, कोमियां, कार्टिलेज, बल्ड वेसल्स का समावेश है। अंगदान एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें किसी जीवित या मृत व्यक्ति के अंगों और ऊतकों को किसी ऐसे व्यक्ति को प्रत्यारोपित किया जाता है जो उन्हें अपनी जान बचाने के लिए या स्वस्थ जीवन जीने के लिए आवश्यक है।

केंद्र सरकार ने अंगदान को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं, जैसे कि जागरूकता अभियान चलाना, अंगदान को प्रोत्साहित करना, और अंगदान के लिए आवश्यक सुविधाओं को उपलब्ध कराना। पूर्व सरपंच बंडू कापसे के अंगदान से कई लोगों के जीवन को बचाया जा सकता है। यह अंगदान लोगों को प्रेरित करेगा कि वे भी अंगदान के लिए आगे आएं और दूसरों को जीवन का उपहार दें।

# 'वट सावित्री' पर्व पर महालक्ष्मी महिला भजन मंडल ने दिया 'हरित संदेश'

## > हर साल एक नया वट-वृक्ष लगाने और उसकी देखभाल का लिया संकल्प

**नागपुर.**

न्यू ज्ञानेश्वर नगर स्थित महालक्ष्मी महिला भजन मंडल ने इस वर्ष 'वट सावित्री' पर्व को केवल धार्मिक अनुष्ठान के रूप में न मनाकर, इसे प्रकृति प्रेम और पर्यावरण संरक्षण की प्रेरणा का माध्यम बना दिया। मंडल की महिलाओं ने इस पावन अवसर पर वट वृक्ष की पूजा-अर्चना के साथ एक महत्वपूर्ण संकल्प लिया – "हर वट सावित्री को एक नया वट वृक्ष लगाया जाएगा और उसके पूर्ण विकसित होने तक उसकी देखभाल की जाएगी।"







यह पहल जहां एक ओर पारंपरिक श्रद्धा को सशक्त करती है, वहीं दूसरी ओर समाज को पर्यावरण संरक्षण का ठोस संदेश भी देती है। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने वट वृक्ष की परिक्रमा करते हुए अपने पतियों की दीर्घायु और परिवार की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। वातावरण भक्तिमय भजनों और कीर्तन से गुंजायमान हो गया, जिसने उपस्थित लोगों को आध्यात्मिक आनंद से सराबोर कर दिया। इस आयोजन में लता कलबांडे, वनिता मुडे, शीला वाघमारे, प्रतिभा मुर्खे, रजनी वाघमारे, काजल हर्षे, लता मानेकर, पिंकी हर्षे, अर्चना गौरकर, आशा कनेरकर, श्वेता भागवत और रत्ना खड़से सहित कई महिलाएं सक्रिय रूप से सहभागी रहीं। सभी ने इस क्रांतिकारी संकल्प को समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताते हुए मुक्त कंठ से सराहना की।

**पर्यावरण के प्रति प्रतिबद्धता का संकल्प :** मंडल की महिलाओं ने कहा कि वट वृक्ष न केवल हमारी सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान का प्रतीक है, बल्कि पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में भी इसकी भूमिका अमूल्य है। इस संकल्प के माध्यम से वे प्रत्येक वर्ष वृक्षारोपण करेंगी और यह सुनिश्चित करेंगी कि लगाए गए पौधे सुरक्षित रूप से वृक्ष बन सकें। यह पहल सिर्फ पौधा लगाने तक सीमित नहीं, बल्कि उसकी दीर्घकालिक देखभाल और पोषण पर भी केंद्रित है।

यह पहल नागपुर में पर्यावरण जागरूकता को एक नई दिशा प्रदान करेगी और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, हरा-भरा भविष्य सुनिश्चित करने में एक प्रेरणादायी कदम साबित होगी।

# भाजपा कोराड़ी मंडल की काले के मार्गदर्शन में गतिविधियां



**कामठी.**

भारतीय जनता पार्टी, कोराडी मंडल अध्यक्ष ब्रम्हाजी काले के मार्गदर्शन एवं भीलगांव भाजपा अध्यक्ष भास्कर भनारे की प्रमुख उपस्थिति में, वारेगांव में पिंटू मेश्राम और जयश्री सोमकुंवर ने एक ग्राम बैठक का आयोजन किया। जहां कार्यकर्ताओं को संबोधित किया गया। इसी प्रकार, सुरादेवी में शैलेश मानकर के नेतृत्व में एक ग्राम बैठक आयोजित की गई। इन दोनों गांवों में कार्यकर्ताओं और नवनियुक्त अध्यक्षों का परिचय कराया गया और पार्टी द्वारा दिए गए कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान की गई। इन कार्यक्रमों में शामिल थे - मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में "संकल्प से सिद्धि तक"। 5 जून "पर्यावरण दिवस" पखवाड़ा। 21 जून "अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस" - कार्यकर्ताओं को 15 जून से 20 जून के बीच योग शिविर आयोजित करने और 21 जून को योग दिवस मनाने का निर्देश दिया गया। साथ ही 25 जून को "आपातकाल के 50वें वर्ष" के विषय में जानकारी दी गई। सभी कार्यकर्ताओं को इन कार्यक्रमों को अपने-अपने गांवों में लागू करने का निर्देश दिया गया।

# सुर तरंग म्यूजिकल ग्रुप का सुनहरे नगमे कार्यक्रम आज



**नागपुर.**

सुर तरंग म्यूज़िकल ग्रुप के द्वारा आज रविवार 12 जून को संध्या 6 बजे से नटराज हॉल, मोर भवन, विदर्भ हिंदी साहित्य सम्मेलन में 'सुनहरे नगमे' कार्यक्रम आयोजित है। जिसके अतिथि सिंगर के रूप में निखिल वझलवार विशेष रूप से कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी सुर तरंग म्यूजिकल ग्रुप 'सुनहरे नगमे' के आयोजक, गायक अभिजित बैनर्जी एवं संकल्पना, सिंगर पूर्णिमा बैनर्जी ने देते हुए समस्त सम्माननीय संगीत प्रेमियों को सादर निःशुल्क कार्यक्रम में उपस्थित रहने की अपील की है। वही कार्यक्रम में नवोदित प्रतिभाओं के साथ सुमिता मुलमुले, कृष्णा कपूर, माधुरी चटर्जी, संहिता चक्रबर्ती, कमल सावलानी, राजू भौतकर, मनोज मालवी, रामेश्वर इंगले, पवन भालेकर, रजत चटर्जी, अविनाश गजभिए गायकों द्वारा सुपर हिट गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। इच्छुक गायक भविष्य के कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए 9096078310, 8087667892 पर संपर्क किया जा सकता है।

# मेधावी विद्यार्थियों, सैनिकों और पत्रकारों का होगा भव्य सम्मान समारोह

## 15 जून को सावनेर में आयोजित होगा कार्यक्रम

**सावनेर.**

धनोजे कुनबी समाज मंडल सावनेर और धनोजे कुनबी युवा मंच नागपुर (ग्रामीण) के संयुक्त तत्वावधान में सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 15 जून 2025, रविवार को प्रातः 9:00 बजे सावनेर के राम गणेश गडकरी सभागृह, कलमेश्वर रोड पर आयोजित किया जाएगा।

इस समारोह में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के मेधावी विद्यार्थियों के साथ-साथ सेना के जवानों और पत्रकारों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजकों ने समाज के सभी विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और आम नागरिकों से अपील की है कि वे समय पर उपस्थित होकर इस गरिमामयी समारोह का हिस्सा बनें और सम्मान को स्वीकार करें। इस आयोजन का उद्देश्य समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रोत्साहित करना और नई पीढ़ी को प्रेरणा देना है।

# चैतन्य संस्था ने मानकापुर पुलिस पर लगाया लापरवाही का आरोप






**नागपुर.**

शहर के मानकापुर पुलिस थाना क्षेत्र के झिंगाबाई टाकळी कोलते ले-आउट, प्लॉट नं. 68, गोधी रोड के निवासी 75 वर्षीय वरिष्ठ नागरिक बुद्धुजी देशमुख 3 जून को पैदल चल रहे थे, तभी टाटा एस वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दुर्घटना में बुद्धुजी देशमुख का चेहरा गाड़ी में फंस गया था, उनकी छाती और कमर में गंभीर चोटें आईं और पैर की हड्डी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। आरोपी पर भारतीय न्याय संहिता के तहत कलम 281, 125 (बी) मामला दर्ज किया गया है।

उपरोक्त आरोप लगाते हुए चैतन्य जनता सामाजिक सुरक्षा कल्याण एन.जी.ओ. नागपुर की संस्थापक सुनीता ठाकरे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में मिली जानकारी के अनुसार, आरोप लगाया कि उपरोक्त वाहन का चालक शुभम धरणधर शराब के नशे में धुत था और उसने बुद्धुजी देशमुख को पीछे से टक्कर मारी, जिससे वे जमीन पर गिर पड़े। वे बहुत जोर से चिल्लाए, फिर भी गाड़ी चालक शुभम धरणधर ने गाड़ी आगे ले जाकर फिर से गाड़ी रिवर्स ली और दोबारा उस व्यक्ति को जोरदार टक्कर मारी। इस दौरान बुद्धुजी देशमुख गाड़ी के अंदर फंसे हुए थे। ऐसा प्रतीत होता है कि यह दुर्घटना जानबूझकर की गई थी। गाड़ी चालक शुभम धरणधर और गाड़ी मालिक दुबे दोनों ने बुद्धुजी देशमुख को खींचकर बाहर निकाला। जब पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट दर्ज कराने गए, तो गाड़ी मालिक दुबे ने तीसरे व्यक्ति प्रवीण गावंडे को पेश किया। गाड़ी मालिक ने प्रवीण गावंडे को पैसे देने का वादा करके पुलिस स्टेशन में यह कहने के लिए कहा कि यह दुर्घटना उसके हाथों हुई है। जब पुलिस ने प्रवीण से इस मामले में गहन पूछताछ की, तो प्रवीण घबरा गया और उसने पुलिस को बताया कि आरोप खुद पर लेने के लिए गाड़ी चालक शुभम धरणधर और दुबे ने उसे ऐसा कहने के लिए कहा था। प्रवीण ने यह बात मानकापुर पुलिस स्टेशन में लिखकर दी है। ज्ञात हो कि सुनीता ठाकरे ने कहा कि पुलिस प्रशासन ने अभी तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया है और न ही कोई कार्रवाई की है। इस संबंध में पूछताछ करने पर मानकापुर पुलिस स्टेशन के इंगले ने बताया कि गाड़ी चालक शुभम धरणधर फरार था। 24 घंटे बाद, गाड़ी मालिक दुबे शुभम धरणधर को पुलिस स्टेशन लाए। उस समय वह नशे में नहीं था। इंगळे सर हमें बताते हैं कि उसकी ब्लड टेस्ट की गई है, जब उसकी रिपोर्ट में अल्कोहल निकलेगा, तब वे धारा 185 लगाएंगे। जबकि, बुद्धूजी देशमुख बहुत गंभीर हैं और वेंटिलेटर पर हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जब टाटा एस को पुलिस स्टेशन लाया गया, तो पुलिस ने गाड़ी की तस्वीरें लीं। लेकिन पुलिस ने जानबूझकर एफआईआर में गाड़ी का गलत दर्ज किया है। जबकि गाड़ी है, जिससे यह पता चलता है कि पुलिस प्रशासन गुमराह करके इस मामले को दबाने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि अनिल बुद्धू देशमुख इनके बेटे पोलीस स्टेशन मे गये थे गोलू खडसे इनका भांजा भी पोलिस स्टेशन मे गये थे तब पहिली रिपोर्ट वाले बोल रहे थे कि कुछ ज्यादा मार नही लगा है थोडा मार लगा है। अभी हम उनको अरेस्ट नही कर सकते इस तरीके से अनिल देशमुख को ये सारी चीजे बोली गई है नॉर्मल रिपोर्ट है। उपरोक्त प्रकरण पर सुनीता ठाकरे ने मांग की है कि इस दुर्घटना की गहन जांच होनी चाहिए। यदि इस तरह के मामलों को दबाया जाता है, तो भविष्य में ऐसे और अधिक दुर्घटनाएं होने की संभावना को नकारा नहीं जा सकता। इस दुर्घटना के मामले में, पीड़ित को न्याय मिले, उनकी सुरक्षा हो, और दोषी अपराधियों को सजा मिले, मामले की पुलिस प्रशासन द्वारा गहन और निष्पक्ष जांच हो, और सच्चाई सामने आए। इस उद्देश्य से चैतन्य जनता सामाजिक सुरक्षा कल्याण एन.जी.ओ. नागपुर की ओर से आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस संस्थापक श्रीमती सुनीता ठाकरे ने की है। इस मौके पर संस्थापक महाराष्ट्र अध्यक्ष मोहम्मद हाफिज साबरी, विदर्भ अध्यक्ष संगीता शाक्य, नागपुर अध्यक्ष पूजा खडसे प्रमुखता से मौजुद रहें।

# भीषण सड़क हादसा, पिकअप और कंटेनर की टक्कर, दो गंभीर घायल

**सावनेर.**

पाटन-सावंगी हेटी चौकी के पास मंगलवार रात करीब 11 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें कंटेनर और पिकअप वैन की जबरदस्त टक्कर हो गई। यह इलाका सावनेर पुलिस स्टेशन की सीमा में आता है। हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

घटना की जानकारी मिलते ही हितज्योति फाउंडेशन के हितेश बंसोड़ ने तुरंत पुलिस इंस्पेक्टर उमेश पाटिल को सूचित किया। थोड़ी ही देर में हाईवे पुलिस और सावनेर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पिकअप वैन में फंसे लोगों को पुलिस व हितज्योति फाउंडेशन की टीम की मदद से बाहर निकाला गया और सावनेर के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। वहां से प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को नागपुर मेडिकल अस्पताल रेफर किया गया।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कंटेनर नागपुर से पांडुरना की ओर जा रहा था। हेटी चौकी के पास मोड़ लेते समय विपरीत दिशा से आ रही पिकअप वैन ने कंटेनर को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप का केबिन पूरी तरह से चकनाचूर हो गया और दोनों सवार उसमें फंस गए। हादसे के बाद कंटेनर चालक मौके से फरार हो गया। दुर्घटना की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक घटनास्थल पर जमा हो गए, जिससे कुछ समय के लिए हाईवे पर यातायात बाधित रहा। फिलहाल पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर आगे की जांच शुरू कर दी है।

अंधेरे में जानलेवा मोड़, हाई मास्क लाइट लगाने की मांग

हेटी चौकी का यह मोड़ पहले भी कई दुर्घटनाओं का कारण बन चुका है। इस स्थान पर उचित रोशनी की व्यवस्था न होने से रात के समय वाहनों को मोड़ स्पष्ट नहीं दिखता। सामाजिक कार्यकर्ता हितेश बंसोड़ ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्रबंधन और हाईवे पुलिस से यहां हाई मास्क लाइट लगाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

# चंद्रशेखर बावनकुले के फ़ोन से बढ़ा विवाद

## बच्चू कडु ने भाषा पर जताई नाराजगी

**अमरावती.**

किसानों की पूरी कर्जमाफी, उनके बच्चों को छात्रवृत्ति, दिव्यांग और विधवा महिलाओं को 6000 रुपए मानदेय और वंचित वर्ग के मुद्दों को लेकर बच्चू कडू ने अन्न बहिष्कार आंदोलन शुरू किया है। बच्चू कडू के अनशन का आज चौथा दिन है। उनके आंदोलन को अब राज्य के कई नेताओं और संगठनों का भी समर्थन मिल रहा है। बच्चू कडू का वजन दो किलो कम हो गया है। सरकारी दरबार में भी इस आंदोलन को वापस लेने के लिए बातचीत का रास्ता निकालने की कोशिश की गई, लेकिन इसी बात ने विवाद खड़ा कर दिया है।



राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने कडू को फोन किया। बातचीत के बाद कडू ने अपनी कड़ी नाराजगी जताई। अमरावती जिले का मोजारी अनिश्चितकालीन अन्न बहिष्कार आंदोलन का स्थल बन गया है। चौथे दिन राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने बच्चू कडू को फोन किया। उसके बाद कडू ने बावनकुले की भाषा पर आपत्ति जताई। सरकार अपना काम करे, हम अपना काम करेंगे। हम अंत तक किसानों के लिए काम करते रहेंगे। हमने बावनकुले से बात की। अगर कॉल रिकॉर्ड होता तो पता चलता कि हमने कैसे बात की। उन्होंने कहा कि अगर हो सके तो भूख हड़ताल बंद कर दें, नहीं तो जारी रहने दें। क्या यही भाषा है? बच्चू कडू ने पूछा।

**यह बदमाशी बर्दाश्त नहीं करेंगे :** बच्चू कडू ने कहा, "यह दुख की बात नहीं है कि बावनकुले हमसे मिलने नहीं आ सके। लेकिन फोन पर बात करते समय उनकी आवाज का लहजा ठीक नहीं था। फोन पर बावनकुले की भाषा बदमाशी और मांग वाली थी। हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। उनसे ऐसी उम्मीद नहीं थी। उन्हें सत्ता में होने का फन नहीं दिखाना चाहिए। उन्होंने अपनी प्यारी बहन के समय में बैठकें नहीं कीं। अब आप महिलाओं को अयोग्य ठहरा रहे हैं। तब आपने मापदंड तय नहीं किए थे। अब आप हमें मापदंड बता रहे हैं, उन्होंने इस तरह हमला किया। आपने पहले बैठकें क्यों नहीं कीं? बावनकुले की भावनाओं की चिंता नहीं थी। वे मेरे मित्र हैं। लेकिन मुझे उनसे इस तरह की बात करने की उम्मीद नहीं थी।"

**बावनकुले ने आरोपों से किया इनकार :** राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने बच्चू कडू के सभी आरोपों से इनकार किया। उन्होंने कहा, "कडू का बयान बहुत गलत है, मैंने सम्मानपूर्वक बात की है। मैंने उनसे मुंबई में बैठक करने का अनुरोध किया था। मैंने पुलिस अधीक्षक और जिला कलेक्टर को उनसे सवाल पूछने के लिए भेजा था। अलग-अलग विभागों से बच्चू कडू ने सवाल उठाए हैं, उन्हें गलत तरीके से नहीं बुलाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वे धरने पर बैठे लोगों की सुध लेंगे और मुख्यमंत्री से बात करने के बाद तुरंत बैठक करेंगे।

# डॉ. सतीश पावड़े ने श्रीलंका में नाट्यशास्त्र पर दिये व्याख्यान

### > भारतीय कला परंपरा का किया वैश्विक प्रस्तुतीकरण

**वर्धा.**

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के प्रदर्शनकारी कला विभाग के वरिष्ठ सहायक प्रोफेसर डॉ. सतीश पावड़े ने श्रीलंका के कोलंबो शहर में भरतमुनि के नाट्यशास्त्र पर दो महत्वपूर्ण व्याख्यान दिए। यह आयोजन प्लेटो अकॅडमी ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स द्वारा कोलंबो के महारगम सेंट्रल कॉलेज सभागृह में आयोजित किया गया था। डॉ. पावडे ने अपने व्याख्यान में "भरत नाट्यशास्त्र का परिचय" और "भरतप्रणीत अभिनय: सिद्धांत और व्यवहार" विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा के आलोक में नाट्यशास्त्र का सैद्धांतिक व व्यावहारिक दृष्टिकोण से विवेचन किया और इसकी वैश्विक कला परंपरा में प्रासंगिकता को रेखांकित किया। इस अवसर पर श्रीलंका के प्रसिद्ध पुरातत्वविद डॉ. रांदणू विदुल सोईसा की पुस्तक "टूरिज्म एंड टूरिस्ट" का विमोचन डॉ. पावडे की विशेष उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में प्लेटो अकॅडमी की निदेशिका आशा हंसीनी परेरा द्वारा डॉ. पावडे एवं विश्वविद्यालय के शोधार्थी विष्णु कुमार का सत्कार किया गया। कार्यक्रम में बुद्धिष्ट और पाली विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. इथाडेमलिये इंदसारा, पूर्व राजनयिक दिनेश गुणवर्धने, पूर्व सांसद यादामिनी गुणवर्धने, जयवर्धने विश्वविद्यालय के प्रो. अलेक्झांडर, श्रीलंका नेशनल यूथ काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सेनरथ विक्रमसिंघे, तथा श्रीलंकन नाट्य अभिनेत्री और महात्मा गांधी हिंदी विश्वविद्यालय की पूर्व छात्रा थीलिनी मुनसिंघे लिवेरा सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।



समापन समारोह में प्लेटो अकॅडमी द्वारा निर्मित और आशा हंसीनी परेरा द्वारा निर्देशित श्रीलंकाई पारंपरिक कैंडी नृत्य, कोल्लम और सोकारी लोकनाट्य की आकर्षक प्रस्तुति हुई। इस कार्यक्रम के अंतर्गत तीन दिवसीय नाट्य प्रशिक्षण कार्यशाला का भी आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. पावडे मुख्य प्रशिक्षक रहे, जबकि शोधार्थी विष्णु कुमार ने सह-प्रशिक्षक की भूमिका निभाई। कार्यशाला का संयोजन आशा हंसीनी परेरा ने किया तथा इसमें 30 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। समापन पर डॉ. पावडे द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। यह आयोजन भारत और श्रीलंका के सांस्कृतिक रिश्तों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# माकपा के वरिष्ठ सदस्य इमरतसिंह सिंह का निधन

### > पार्टी व सिख समाज को गहरा धक्का

**वर्धा.**



भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के वरिष्ठ सदस्य और सामाजिक कार्यकर्ता इमरतसिंह उमरावसिंह भादा का 9 जून 2025 को संक्षिप्त बीमारी के चलते निधन हो गया। वे 71 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 10 जून को उनके निवास इंदिरा नगर, वर्धा से निकली शवयात्रा के बाद सम्पन्न हुआ।

केलझर के मूल निवासी इमरतसिंह सिंचाई विभाग में कार्यरत थे और सिंचाई कर्मचारी संघ के सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में अपनी भूमिका निभा चुके थे। वर्ष 1987 में जीरो बजट के तहत नौकरी से निकाले जाने के बाद उन्होंने लंबी 25 वर्षों की कानूनी लड़ाई लड़ी और अंततः सेवा में पुनः बहाल हुए। वे कई वर्षों तक माकप के समर्पित सदस्य रहे और सामाजिक कार्यों में भी उनकी विशेष भूमिका रही। 15 अगस्त 2024 को पार्टी कार्यालय पर झंडा फहराने का गौरव भी उन्हें प्राप्त हुआ था। उन्होंने एमपीए के पूर्व सांसद और विधायक कामरेड रामचंद्र घांगरे के साथ वर्षों तक कार्य किया। किसान आंदोलन, खेतिहर मजदूरों के संघर्ष और सिख समुदाय के अधिकारों के लिए वे निरंतर सक्रिय रहे। उन्होंने सिख समाज का एक संगठन भी स्थापित किया था, जिससे समाज में उनकी एक मजबूत पहचान बनी।

उनके निधन से माकप और सिख समुदाय को अपूरणीय क्षति हुई है। पार्टी की ओर से यशवंत झाडे, भैया देशकर, प्रीतम हिरानी, सी.झेड. घवघवे, नामदेव काले, श्याम भेंडे, संजय भगत और सुरेश अनकर ने उनके निवास पहुंचकर परिवार को सांत्वना दी। पार्टी ने कहा – "हमने एक कर्मठ कार्यकर्ता और सच्चे साथी को खो दिया है।"

# हिंगनघाट भूषण सम्मान समारोह संपन्न

### पक्षीमित्र प्रवीण कडू सहित मेधावी छात्रों और प्राचार्यों को किया गया सम्मानित

**हिंगनघाट.**

पत्रकार संघ, हिंगनघाट और बलीराजा बाजार हिंगनघाट के संयुक्त तत्वावधान में 'हिंगनघाट भूषण पुरस्कार, मेधावी छात्र सत्कार और प्राचार्य सम्मान समारोह' का भव्य आयोजन 9 जून को महावीर भवन, हिंगणघाट में संपन्न हुआ। इस समारोह में समाज सेवा, शिक्षा और छात्र प्रोत्साहन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वालों को सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक समीर कुणावार ने की। उपविभागीय अधिकारी आकाश अवतारे और विलास नरवटे प्रमुख मार्गदर्शक के रूप में उपस्थित रहे। मंच पर तहसीलदार योगेश शिंदे, मुख्याधिकारी प्रशांत उरकुडे, थानाधिकारी देवेंद्र ठाकूर, बलीराजा बाजार के संचालक राजू राठी, पत्रकार संघ अध्यक्ष प्रा. किरण वैद्य तथा सचिव राजेश कोचर भी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे।



दीप प्रज्वलन और सरस्वती पूजन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। सुप्रसिद्ध गायिका सुवर्णा भोयर ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। एसडीओ आकाश अवतारे ने छात्रों को यूपीएससी जैसी परीक्षाओं में सफलता के लिए निरंतर अभ्यास, सही रणनीति और तकनीक के उपयोग की सलाह दी। विलास नरवटे ने सकारात्मक सोच, समय प्रबंधन और आत्मविश्वास को सफलता की कुंजी बताया। वन्यजीव और पर्यावरण संरक्षण में अहम योगदान के लिए निसर्गसाथी फाउंडेशन के अध्यक्ष पक्षीमित्र प्रवीण वसंतराव कडू को 'हिंगणघाट भूषण पुरस्कार 2025' से सम्मानित किया गया। उन्हें शॉल, श्रीफल, प्रतीकचिह्न और प्रशस्ति पत्र भेंट किया गया। दसवीं और बारहवीं की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पीयूष डंभारे, दिपाली भुते, जान्हवी ठाकरे, राखी राठौर, मयूर पाटील, श्रृष्टी डफले, योगेश्वरी डेकाटे, देवांश भांडे, मनस्वी ठाकरे, नीलेश यादव, माही शर्मा और नाज़ परवीन साबिर अली सैयद को सम्मानित किया गया।

वेदांत प्रभाकरराव कोलसे, जिन्होंने यूपीएससी-सीडीएस परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर 366वीं रैंक प्राप्त कर भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के रूप में चयनित हुए, उन्हें विशेष सम्मान से नवाजा गया। शिक्षा क्षेत्र में योगदान के लिए वैशाली पोले, प्रशांत शेलके, कल्पना ठाकूर, जेम्स सैमुअल, चंद्रकांत नगराले, शिल्पा चव्हाण, कुरेशी सर और अजयकुमार यादव इन प्राचार्यों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का प्रास्ताविक प्रा. किरण वैद्य ने किया तथा संचालन प्रा. संदीप रेवतकर ने संभाला। आभार प्रदर्शन शुभम कोचर ने किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में भास्कर कलोडे, मुकेश चौधरी, अब्दुल रज्जाक, रमेश लोंढे, सुरेंद्र बोरकर, मोहम्मद रफीक, प्रदीप आर्य, मलक मोहम्मद नईम, केवलदास ढाले, जगदीशप्रसाद शुक्ला और रवि येनोरकर सहित कई कार्यकर्ताओं का योगदान रहा।

# डांगरी वार्ड में दूषित और अनियमित जलापूर्ति से नागरिकों में आक्रोश

### नगरपालिका से मांगा जवाब, हिंगनघाट में अमृत योजना पर उठे सवाल

**हिंगनघाट.**

शहर के डांगरी वार्ड में पिछले कुछ दिनों से दूषित और अनियमित जलापूर्ति को लेकर नागरिकों में भारी रोष देखने को मिल रहा है। इस समस्या से परेशान महिलाओं और स्थानीय लोगों ने मंगलवार को नगरपालिका कार्यालय पहुंचकर अधिकारियों से जवाब-तलब किया।

नागरिकों ने बताया कि पिछले तीन-चार दिनों से क्षेत्र में पानी की आपूर्ति अनियमित हो गई है, जिससे रोजमर्रा के कार्यों के लिए लोगों को पानी की तलाश में इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। इतना ही नहीं, जो पानी आ भी रहा है, वह बेहद दूषित और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। नगरपालिका द्वारा अमृत योजना के तहत शहर में जलापूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाने का दावा किया गया था। योजना का उद्देश्य नागरिकों को नियमित, स्वच्छ और सुरक्षित जल उपलब्ध कराना था। लेकिन डांगरी वार्ड की स्थिति इस दावे के उलट दिखाई दे रही है। नागरिकों ने सवाल उठाया कि क्या अमृत योजना का लाभ वास्तव में आम जनता तक पहुंच पाया है? महिलाओं ने कहा कि दूषित पानी से बच्चों और बुजुर्गों की तबीयत बिगड़ने की आशंका बनी रहती है। उन्होंने जल विभाग के अधिकारियों से तत्काल समाधान की मांग की है और चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस मुद्दे पर नगर प्रशासन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।



# कपड़े भी सौंपे, शासन की बेशर्मी पर किसानों का फूटा गुस्सा!

### बच्चू कडू के अन्न बहिष्कार आंदोलन को मिला आर्वी किसानों का अभिनव समर्थन

**आर्वी.**

पूर्व राज्यमंत्री बच्चू कडू द्वारा मोझरी में किसानों की 17 मांगों को लेकर शुरू किए गए अनिश्चितकालीन अन्न बहिष्कार आंदोलन को अब राज्यभर से समर्थन मिल रहा है। इसी कड़ी में आर्वी में किसानों ने बाला जगताप के नेतृत्व में अभिनव आंदोलन करते हुए प्रशासन के खिलाफ अनोखा विरोध दर्ज कराया।



आंदोलन के तहत किसानों ने "अब हमारे पास सिर्फ कपड़े ही बचे हैं, वो भी ले लीजिए!" कहते हुए अपने कपड़े तहसीलदार को सौंप दिए। बाला जगताप ने तहसील कार्यालय में सरकार की बेशर्म नीतियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि आज का किसान पूरी तरह टूट चुका है। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने बच्चू कडू के अन्न बहिष्कार आंदोलन को अपना पूर्ण समर्थन घोषित किया और सरकार से 17 मांगें पूरी करने की अपील की। इनमें प्रमुख रूप से संपूर्ण कर्जमाफी, दिव्यांग व विधवा महिलाओं को ₹ 6000 मानधन, गारंटी मूल्य पर 20% सब्सिडी, युवाओं को रोजगार और उचित मजदूरी, खेतिहर मजदूरों के लिए आर्थिक सहायता व अलग बोर्ड की स्थापना, और ग्रामीण परिवारों को 5 लाख की सब्सिडी शामिल हैं।

इस विरोध प्रदर्शन में बाला जगताप के साथ सुधीर जाचक, विक्रम भगत, संजय कुरील, कुणाल चव्हाण, राजेश आगारकर, गुड्डु पठान, अबरार खान, शेख जफर, अब्दुल राहिल, शेख कलीम, अंकुश गोटेफोड़े, प्रवीण वाघ, प्रफुल्ल कुम्बोत, मंगेश कोल्हे, धीरज गिरडकर, राजू देऊलकर, किरण लोखंडे, शेख इकबाल समेत बड़ी संख्या में किसान और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने जल्द ही मांगें नहीं मानीं तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

# कृषि सामग्री चुराने वाले तीन चोर पकड़े गए, ₹ 1.32 लाख का माल जब्त

**हिंगनघाट.** शहर पुलिस की डि.बी. टीम ने कृषि क्षेत्र में हो रही चोरियों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन चोरों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों के कब्जे से कुल 1,32,700 मूल्य की चोरी की गई सामग्री जब्त की गई है। यह कार्रवाई 31 मार्च को नांदगांव-बोरगांव शिवार क्षेत्र में एक खेत से दो मोटर पंप चोरी होने की शिकायत के बाद की गई। प्रकरण की छानबीन डिटेक्शन ब्रांच (डी.बी.) टीम कर रही थी। गश्त के दौरान पुलिस को नंदोरी से हिंगनघाट की ओर आ रहे पल्सर बाइक सवार तीन युवक संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिए। मुंह बांधे इन तीनों को रोककर पूछताछ की गई। इनकी पहचान व्यंकटी मारुती दांडेकर (26, टेमुर्डा), गहूजी पाल (24, टाकली, वरोरा, जिला चंद्रपुर), और हेमंत विनोदराव चौधरी (34, शेगाव, वरोरा) के रूप में हुई। इनके पास से एक लोहे का कटर और पेचकस बरामद किया गया। पूछताछ में उन्होंने दो महीने पहले हिंगनघाट के नांदगांव क्षेत्र से मोटर पंप चोरी करना कबूल किया। जब तीसरे आरोपी के खेत की तलाशी ली गई, तो वहां से दो मोटर पंप बरामद हुए। पुलिस ने आरोपियों से एक 5 एचपी मोटर पंप (कीमत ₹ 25,000) सहित अन्य कृषि उपकरण जब्त किए हैं, जिनकी कुल कीमत ₹ 1,32,700 है। यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक अनुराग जैन, अपर पुलिस अधीक्षक सागर कवड़े, उपविभागीय अधिकारी रोशन पंडित के मार्गदर्शन तथा हिंगनघाट थानेदार देवेंद्र ठाकुर के नेतृत्व में डी.बी. टीम के प्रशांत थोंबरे, राहुल साठे, आशीष नेवारे और मंगेश वाघमारे ने की है।

# राकांपा (अ.प.) की 26वीं वर्षगांठ पर ध्वजारोहण और वट पूर्णिमा पर्व का संयुक्त आयोजन

### > नई दुल्हनों ने किया ध्वजारोहण, महिला पदाधिकारियों की सक्रिय भागीदारी से सजा आयोजन

**आर्वी.**

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार गुट) की 26वीं वर्षगांठ का उत्सव आर्वी में धूमधाम से मनाया गया। यह आयोजन इंदिरा चौक आठवडी बाजार स्थित राकांपा के जनसंपर्क कार्यालय में हुआ। खास बात यह रही कि यह दिन वट पूर्णिमा के पावन पर्व के साथ संयोग बनाकर मनाया गया, जिसे महिला पदाधिकारियों ने खास अंदाज़ में आयोजन कर यादगार बना दिया।



कार्यक्रम की शुरुआत सुबह ठीक 10:10 बजे ध्वजारोहण से हुई। राकांपा आर्वी विधानसभा अध्यक्ष दिलीप पोटफोड़े और अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति में ध्वज पूजन संपन्न हुआ। इस खास मौके पर ध्वजारोहण का सम्मान महिला पदाधिकारियों को दिया गया, जिसे नई दुल्हनें रानी हत्तीमारे और प्रांजलि सपकाल ने सम्पन्न किया।

कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष शुभांगी कलोडे ने कहा कि महिलाएं केवल घर तक सीमित नहीं, बल्कि संगठन को भी मजबूती से संभाल सकती हैं। वहीं, आर्वी तालुका अध्यक्ष माधुरी सपकाल, आर्वी शहर अध्यक्ष दीपा वाकोडे, प्रमिला हत्तीमारे ने भी अपने विचार रखे और संगठन को मजबूती से खड़ा करने का संकल्प दोहराया।

इस अवसर पर जिला महासचिव दिनकर कोयरे, आर्वी विधानसभा सचिव अरुणराव जयसिंगपुरे, तालुका संयोजक समीर अंसारी, शहर अध्यक्ष दिलीपराव बोरकर, कार्याध्यक्ष एडवोकेट विशाल पुजारी समेत कई प्रमुख नेता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की सफलता में अशोक धानोरकर, सुरेंद्र वाटकर, जयंत गभने, अनिल मेंद्रे, कमलेश चिंधेकर, प्रफुल्ल सोमकुवर, भारती पोटफोड़े, अर्चना टिपले, सुनीता वानखड़े, ज्योति डोलकर, सृष्टि पाठे, सोनिक गोधने, मोनाली लांडगे, शेख अशफाक, वासुदेव सपकाल, रशीदभाई, नरेंद्र भगत, सचिन तांबे समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं का योगदान रहा।

कार्यक्रम ने यह स्पष्ट कर दिया कि महिला शक्ति के समन्वय और संगठनात्मक प्रतिबद्धता के साथ राकांपा (अ.प.) आने वाले समय में और अधिक सशक्त होकर उभरेगी।

# कोटोडी निवासी एसटी कर्मी की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत

## नीलगांव के पास स्कूटी दुर्घटना, घटनास्थल पर ही तोड़ा दम

**सावनेर.**

कोटोडी गांव के रहने वाले शंकर संतोष भुजाडे (उम्र 45) की सोमवार को एक सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। वे एसटी महामंडल में वाहक (कंडक्टर) के पद पर कार्यरत थे।






प्राप्त जानकारी के अनुसार, शंकर भुजाडे अपनी स्कूटी पर सवार होकर कोटोडी से कलमेश्वर स्थित अपने रिश्तेदारों से मिलने जा रहे थे। यात्रा के दौरान जैसे ही वे नीलगांव शिवर के पास पहुँचे, अचानक हुई एक अनियंत्रित दुर्घटना में मौके पर ही उनका निधन हो गया। घटना की सूचना मिलते ही सावनेर पुलिस, हितज्योति फाउंडेशन के हितेश बंसोड़, और अन्य स्थानीय नागरिक तत्काल मौके पर पहुँचे। शंकर भुजाडे को तुरंत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सावनेर लाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस दुर्घटना के कारणों की जांच सावनेर पुलिस निरीक्षक उमेश पाटिल के मार्गदर्शन में कांस्टेबल बंडू कोकाटे द्वारा की जा रही है।

शंकर भुजाडे के असामयिक निधन से कोटोडी और एसटी विभाग में शोक की लहर फैल गई है।

# गांधी सिटी पब्लिक स्कूल वर्धा में शिक्षकों के लिए कार्यशाला संपन्न

## पं. शंकरप्रसाद अग्निहोत्री ने किया मार्गदर्शन

**वर्धा.**

गांधी सिटी पब्लिक स्कूल, रामनगर वर्धा में एस. चांद पब्लिकेशन के सौजन्य से शिक्षकों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में राष्ट्रीय शिक्षा नीति और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा के अंतर्गत शिक्षा प्रणाली में हो रहे बदलावों पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्था के अध्यक्ष पंडित शंकरप्रसादजी अग्निहोत्री ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा, "एक शिक्षक का बुद्धिमान, शक्तिशाली और प्रतिभाशाली होना बेहद जरूरी है, ताकि वह विद्यार्थियों को न केवल शिक्षित करे, बल्कि उन्हें प्रशिक्षित कर जीवन योग्य बना सके।" उन्होंने अपने प्रेरणादायक भाषण में स्वामी विवेकानंद और भास्कराचार्य जैसे महान व्यक्तित्वों का उदाहरण देकर शिक्षकों को नई दिशा दी। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यार्थियों को खुशनुमा और रचनात्मक माहौल देना जरूरी है जिससे पढ़ाई के प्रति उनकी रुचि बढ़े।



इस कार्यशाला के संसाधन व्यक्ति उमेश आवाजे और खमैया खान थे। कार्यशाला में सभी विद्यालयों के प्राचार्य, प्रधानाध्यापक, शिक्षिकाएं तथा विद्यालय प्रबंधक अभिजीत रघुवंशी भी उपस्थित थे। प्रमुख सहभागियों में डॉ. प्रिया मिश्रा, धनंजय शिंगरवाड़े और स्वरा अष्टपुत्रे प्रमुख रहे। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने विभिन्न शिक्षण पद्धतियों, गतिविधियों और खेल के माध्यम से कक्षा में बच्चों के लिए आनंददायी वातावरण कैसे तैयार किया जाए, इस पर गहन अभ्यास किया। कार्यक्रम का संचालन वीना भगत ने किया और धन्यवाद ज्ञापन रूपाली मुनेश्वर ने प्रस्तुत किया। इस कार्यशाला ने शिक्षकों में नई ऊर्जा और दृष्टिकोण का संचार किया, जिससे आने वाले समय में विद्यार्थियों को समर्पित, प्रशिक्षित और आधुनिक शिक्षा प्रणाली से युक्त वातावरण मिल सकेगा।

# ओगावा सोसायटी शाहू-फुले-आंबेडकर पुरस्कार से सम्मानित

## पुरस्कार माता-पिता सहित मैडम नोरिको ओगावा को समर्पित

**कामठी.**

महाराष्ट्र शासन के सामाजिक न्याय व विशेष सहायता विभाग की ओर से राज्य स्तरीय शाहू-फुले-आंबेडकर पुरस्कार के लिए कामठी की ओगावा सोसायटी का चयन किया गया था। तदनुसार, यह पुरस्कार ओगावा सोसायटी की अध्यक्षा व पूर्व राज्यमंत्री एड. सुलेखा कुंभारे को मुंबई में मंगलवार को आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, सामाजिक न्याय व विशेष सहायता मंत्री संजय सिरसाट, संजय राठौड़ की प्रमुख उपस्थिति में सम्मानपूर्वक प्रदान किया गया। ओगावा सोसायटी की स्थापना वर्ष 1996 में पूर्व राज्य मंत्री एड. सुलेखा कुंभारे ने की थी। जापान की नोरिको ओगावा के कार्य का एड. सुलेखा कुंभारे पर बहुत बड़ा प्रभाव है।



उनके आशीर्वाद से ही हम कामठी में विश्वविख्यात ड्रैगन पैलेस टेम्पल का निर्माण कर सके, ऐसी कृतज्ञता एड. सुलेखा कुंभारे ने पुरस्कार समारोह के बाद व्यक्त की है। ओगावा सोसायटी ने विश्वविख्यात ड्रैगन पैलेस टेंपल का निर्माण किया। ड्रैगन पैलेस शांति, मैत्री और मानव कल्याणकारी विचारों का केंद्र होने के कारण विश्व प्रसिद्ध है। साथ ही डॉ. बाबासाहब आंबेडकर सांस्कृतिक व अनुसंधान केंद्र ड्रैगन पैलेस विपश्यना मेडिटेशन सेंटर देखकर तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. रामनाथ कोविंद, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी प्रशंसा की थी। इस बीच, ओगावा सोसायटी की ओर से ड्रैगन इंटरनेशनल स्कूल, दादासाहब कुंभारे बहुउद्देशीय प्रशिक्षण केंद्र का भी निर्माण किया गया है। ओगावा सोसायटी द्वारा वर्ष भर कई शैक्षणिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम चलाए जाते हैं. एड. सुलेखा कुंभारे के नेतृत्व में ओगावा सोसायटी पूरी तरह से डॉ. बाबासाहब आंबेडकर के आंदोलन को समर्पित है। ओगावा सोसायटी के कार्य को संज्ञान में लेते हुए सामाजिक न्याय व विशेष सहायता विभाग मंत्रालय ने शाहू-फुले-आंबेडकर पुरस्कार देने का निर्णय लिया। सामाजिक कार्य करने के लिए माता-पिता का मार्गदर्शन महत्वपूर्ण होता है। मुझे मेरी मां नलिनीताई नारायणराव कुंभारे और पिता दादासाहब कुंभारे का समर्थन हमेशा मिलता रहा है। इसके अलावा जापान की नोरिको ओगावा ने भी मुझे भरपूर सहयोग दिया। उन्हीं की प्रेरणा से कामठी में ड्रैगन पैलेस टेम्पल अस्तित्व में आया। इसलिए महाराष्ट्र शासन के सामाजिक न्याय व विशेष सहायता विभाग की ओर से प्राप्त राज्य स्तरीय शाहू-फुले-आंबेडकर पुरस्कार मैं अपने माता-पिता और मैडम नोरिको ओगावा को समर्पित करती हूँ, ऐसी भावना ड्रैगन पैलेस टेम्पल की शिल्पकार व पूर्व राज्य मंत्री एड. सुलेखा कुंभारे ने व्यक्त की।

# महावितरण की बिजली बिल सुविधा अब डिजिलॉकर में उपलब्ध

## महावितरण ने उपभोक्ताओं से की इस सुविधा का लाभ लेने की अपील

**नागपुर.**




अब बिजली उपभोक्ताओं को अपने बिजली बिल की प्रति प्राप्त करने के लिए अलग से कागज ढूंढने की जरूरत नहीं होगी। महावितरण कंपनी ने बिजली उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए अपने बिल डिजिलॉकर प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध करा दिये हैं। महावितरण के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक लोकेशचंद्र ने बुधवार को उपभोक्ताओं से इस सुविधा का अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की। डिजिलॉकर केंद्र सरकार की एक डिजिटल सेवा है जो आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, जाति और आय प्रमाण पत्र जैसे दस्तावेजों को इलेक्ट्रॉनिक रूप में सुरक्षित रखने और आवश्यकतानुसार उपलब्ध कराने की सुविधा देती है। अब इस सेवा में महावितरण के बिजली बिल भी जुड़ गए हैं, जिससे उपभोक्ताओं को अपने मोबाइल फोन पर ही यह बिल आसानी से उपलब्ध हो सकेंगे। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नागरिकों को 'ईज ऑफ लिविंग' के तहत ज्यादा से ज्यादा डिजिटल सेवाएं देने का निर्देश दिया है। इसी दिशा में कदम बढ़ाते हुए महावितरण ने डिजिलॉकर के साथ बिजली बिलों को जोड़ने की पहल की है। डिजिलॉकर इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा शुरू की गई एक महत्वपूर्ण पहल है। अब तक देशभर में लगभग 52.89 करोड़ नागरिकों ने डिजिलॉकर का उपयोग शुरू किया है और 859 करोड़ से अधिक दस्तावेज इसमें संग्रहीत किए गए हैं। डिजिलॉकर में मौजूद दस्तावेजों को सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के अनुसार मूल दस्तावेज के समकक्ष कानूनी मान्यता प्राप्त है। महावितरण ने अपनी प्रणाली को डिजिलॉकर से एकीकृत कर दिया है। उपभोक्ता को डिजिलॉकर ऐप में लॉगिन कर महावितरण कंपनी का चयन करना होगा और अपना ग्राहक क्रमांक दर्ज करना होगा। यह प्रक्रिया केवल एक बार करनी होगी। इसके बाद हर माह का नवीनतम बिजली बिल उपभोक्ता को डिजिलॉकर में स्वतः प्राप्त होता रहेगा, जिसे वह भुगतान, साझा अथवा प्रिंट करने हेतु उपयोग कर सकते हैं।

# विठ्ठल रुक्मिणी मोक्षधाम रोड आवागमन के लिए शुरू



**कामठी.** सरपंच पंकज विमल नागोराव साबरे के प्रयासों से रणाला ग्राम पंचायत अंतर्गत श्री विठ्ठल रुक्मिणी मंदिर से मोक्षधाम के सामने खैरी बुद्ध विहार और राज रॉयल लॉन नागपुर रोड तक सड़क निर्माण कार्य पूरे होने पर आवागमन के लिए शुरू हो गया है। इस सड़क निर्माण से विठ्ठल रुक्मणि मंदिर और मोक्षधाम आने जाने वाले लोगों को आसानी होगी।

# हनुमान लोक परियोजना के द्वितीय चरण पर हुई महत्वपूर्ण चर्चा

## प्रमुख सचिव शिवशेखर शुक्ला ने दिया सहयोग का आश्वासन

**जामसांवली (सौंसर).**

चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर संस्थान, जामसांवली (हनुमान लोक) के पदाधिकारियों ने बुधवार को भोपाल में मध्य प्रदेश शासन के पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव श्री शिवशेखर शुक्ला से भेंट कर हनुमान लोक परियोजना के द्वितीय चरण को लेकर विस्तृत चर्चा की।

इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष गोपाल शर्मा, ट्रस्टी संदीप मोहोड़ एवं अजय धवले प्रमुख सचिव से मिले और उन्हें श्री हनुमान जी की मूर्ति की प्रतिकृति भेंट कर परियोजना के प्रति उनके सहयोग और समर्थन के लिए सम्मानित किया।



परियोजना का उद्देश्य: 'हनुमान लोक' परियोजना का प्रथम चरण लगभग पूर्णता की ओर है और इसका भव्य लोकार्पण शीघ्र प्रस्तावित है। यह परियोजना जामसांवली को मध्य भारत के एक प्रमुख धार्मिक और पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की दिशा में राज्य सरकार की एक महत्वाकांक्षी पहल है।

प्रमुख सचिव का सहयोग आश्वासन: बैठक में प्रमुख सचिव शुक्ला ने 'हनुमान लोक' परियोजना को प्रदेश के धार्मिक पर्यटन मानचित्र पर एक नई ऊंचाई देने वाला कदम बताया। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश शासन इस पवित्र स्थल के समग्र विकास हेतु हरसंभव सहयोग करेगा। साथ ही, उन्होंने इस परियोजना की क्षेत्रीय सांस्कृतिक और आर्थिक दृष्टि से भी महत्ता को रेखांकित किया।

संस्थान ने जताया आभार: संस्थान के पदाधिकारियों ने शुक्ला और मध्य प्रदेश शासन के प्रति आभार जताते हुए कहा कि शासन का यह सहयोग जामसांवली को एक अद्वितीय, प्रेरणास्पद और आस्था से परिपूर्ण धार्मिक गंतव्य के रूप में विकसित करने की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगा।

# सदगुरु कबीर प्रागट्य दिवस उत्सव का भव्य समापन



## उदित मुनि साहब का हुआ स्वागत

**सौंसर.**

मोहगांव स्थित सतगुरु ज्ञान प्रकाश स्थान, बाजार चौक में 4 जून से 10 जून तक सदगुरु कबीर प्रागट्य दिवस उत्सव श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ मनाया गया। उत्सव के समापन अवसर पर मंगलवार 10 जून को पूजा-अर्चना, भव्य शोभायात्रा एवं महाप्रसाद भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नवोदीप वंशाचार्य उदित मुनि साहब का आगमन डी वी मिशन के अंतर्गत हुआ।

उन्होंने संत कबीर साहब के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज में प्रेम, समरसता और मानवता के भाव को बढ़ावा देना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि बच्चों को जाति-धर्म से ऊपर उठाकर इंसानियत का पाठ पढ़ाना चाहिए तथा पर्यावरण संतुलन हेतु बच्चों के जन्म पर पौधारोपण की परंपरा को अपनाना चाहिए।

उदित मुनि साहब के प्रेरणादायक प्रवचनों से उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सतगुरु कबीर पंथावली के श्रद्धालुओं, महिलाओं एवं पुरुषों ने भाग लिया और साहब के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने भंडारे में महाप्रसाद ग्रहण किया।

## 10 गोवंश को पुलिस ने दिलाया जीवनदान

# गोवंश तस्करी के दो मामलों का पर्दाफाश



**नागपुर.**

पांचपावली थाना क्षेत्र में पुलिस ने गोवंश की अवैध तस्करी और कत्तल के इरादे से ले जाए जा रहे मवेशियों को लेकर दो अलग-अलग मामलों में बड़ी कार्रवाई की है। पहली कार्रवाई 8 जून 2025 को सुबह 7:10 बजे से 8:40 बजे के बीच की गई। पांचपावली पुलिस की टीम पेट्रोलिंग के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर मोतीबाग स्थित राय आशियाना सोसायटी के सामने एक टाटा एस गाड़ी (क्रमांक एम एच 31 सीक्यू 6790) को रोका। वाहन की जांच करने पर उसमें पांच गोवंश जानवरों को अत्यंत अमानवीय तरीके से, बिना चारा-पानी के कत्तल के लिए ले जाया जा रहा था। गाड़ी के चालक ने अपना नाम जावेद खान नासीर खान (40) योगी अरविंद नगर निवासी बताया। पूछताछ में पता चला कि ये मवेशी सलमान कुरैशी (उम्र 35 वर्ष, गांधीबाग निवासी के हैं, जो कि इस मामले में फरार है। पुलिस ने मौके से 5,25,200/- मूल्य के मवेशी और वाहन जब्त किया और जानवरों को सुरक्षित गोरक्षण केंद्र में भेजा। दूसरी कार्रवाई उसी सुबह माता टोली, मोतीबाग क्षेत्र में की गई, जहाँ एक और ठिकाने पर पांच गोवंश जानवरों को कत्तल के लिए निर्दयता से बांधकर रखा गया था। इस मामले में आरोपी गुड्डूदादा शेख उर्फ शादाब शेख गुलाब (35 वर्ष) डोबीनगर, मोमीनपूरा, निवासी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है जो कि फरार है। घटनास्थल से कुल 60,200 मूल्य के जानवर जब्त कर उन्हें भी गोरक्षण केंद्र भेज दिया गया। दोनों मामलों में पांचपावली पुलिस ने संबंधित आरोपियों के खिलाफ महाराष्ट्र पशु संरक्षण अधिनियम 1976 (संशोधन 1995) की धारा 5, 5(अ), 5(ब), 9 और प्रिवेंशन ऑफ क्रूएल्टी टू एनिमल्स एक्ट 1960 की धारा 11 के तहत अपराध दर्ज किया है। यह कार्रवाई पुलिस उपायुक्त महक स्वामी और सहायक पुलिस आयुक्त श्वेता खाडे के मार्गदर्शन में वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक बाबुराव राऊत, सहायक पुलिस निरीक्षक प्रमोद सोनवने, उपनिरीक्षक गजानन मैद तथा अन्य पुलिसकर्मियों की टीम द्वारा की गई। फरार आरोपियों की तलाश जारी है और मामले की गहन जांच की जा रही है।

# दूषित पानी से परेशान नागरिकों ने किया तहसील कार्यालय का घेराव

## कंपनियों और प्रशासन पर जमकर फूटा गुस्सा

**सौंसर.**

औद्योगिक क्षेत्र बोरगांव की कंपनियों द्वारा नाले में छोड़े जा रहे केमिकलयुक्त दूषित पानी के खिलाफ ग्राम कबर पिपला के सैकड़ों ग्रामीणों और महिलाओं ने मंगलवार को सौसर तहसील कार्यालय का घेराव किया। इस प्रदर्शन में विधायक विजय चौरे की अगुवाई में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को ज्ञापन सौंपा गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बोरगांव की फैक्ट्रियों का जहरीला पानी गांव से लगे नाले में छोड़ा जा रहा है, जिससे न सिर्फ भीषण दुर्गंध फैल रही है बल्कि कई तरह की बीमारियां भी फैल रही हैं। प्रभावित क्षेत्र के पास स्थित शासकीय हाईस्कूल के विद्यार्थियों को भी पढ़ाई में बाधा का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, नाले से लगे होने के कारण पेयजल स्त्रोतों में भी प्रदूषण का खतरा मंडरा रहा है।



महिलाओं की भारी भागीदारी: वट सावित्री पूजा के दिन बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति ने विरोध प्रदर्शन को विशेष महत्व दिया। ग्रामीण महिला कंचन वैष्णव अपने छोटे बच्चे के साथ प्रदर्शन में शामिल हुईं और बताया कि बदबू से सुबह-सुबह ही सिरदर्द और माइग्रेन की समस्या हो जाती है। ग्रामीण सुरेखा काटोले ने बताया कि कंपनियां रात्रि 8 बजे और सुबह 4-5 बजे के बीच गुपचुप तरीके से दूषित पानी छोड़ती हैं, जिससे त्वचा संबंधी रोग, टायफाइड, पीलिया और अन्य बीमारियां फैल रही हैं।

विधायक का अल्टीमेटम: विधायक विजय चौरे ने मीडिया से बातचीत में कहा कि "आज पूजा का दिन है फिर भी महिलाएं सड़कों पर उतरी हैं, यह उनकी पीड़ा का प्रमाण है। प्रशासन और सरकार को कई बार अवगत कराने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अगर गुरुवार तक समाधान नहीं हुआ तो शुक्रवार को हम स्वयं नाले को बंद करेंगे।"

पहले भी उठी थी आवाज: ग्रामीणों ने पूर्व में भी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा था और रेमंड चौक पर धरना प्रदर्शन किया था, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया।

उपस्थित प्रमुख लोग: विधायक विजय चौरे, डॉ. राजेंद्र येमदे, विलास जोगी, विल्सन मेश्राम, किशोर खरपुरिया, अविनाश बोड़े, संजय घोड़की, भोला कुमेरिया, सुरेखा काटोले, प्रतिमा मिलमिले, विमल ठाकुर, जयश्री काटोले, सीता जोगी, चंद्रकला बोबड़े, वर्षा जोगी, मालती कुमेरिया, देविका इंगले सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और ग्रामीणजन इस विरोध में शामिल हुए।

# शहर में घूमते हुए तड़ीपार अपराधी गिरफ्तार

**नागपुर.** वाडी पुलिस ने प्रतिबंधित क्षेत्र में गैरकानूनी रूप से घुसकर घूम रहे एक तड़ीपार आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपी ने पुलिस को देखकर भागने की कोशिश की और हिरासत में लेने के दौरान पुलिस कार्य में भी बाधा उत्पन्न की। जानकारी के अनुसार दिनांक 9 जून को शाम लगभग 6:55 बजे वाडी पुलिस की पेट्रोलिंग टीम को जानकारी मिली कि आंबेडकर नगर, कंट्रोल वाडी, अमरावती रोड के पास एक तड़ीपार आरोपी संदिग्ध अवस्था में मौजूद है। पुलिस टीम ने तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर संदिग्ध को रोकने की कोशिश की, परंतु आरोपी ने भागने का प्रयास किया। पीछा कर पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पकड़े जाने पर आरोपी ने पुलिस के साथ हूल हुजत करते हुए साथ चलने से इनकार किया और सरकारी काम में अड़चन डाली। आरोपी की पहचान सुरज उर्फ मुसा मोरेश्वर वानखेडे (39) आंबेडकर नगर, वाडी, निवासी के रूप में हुई। पुलिस रिकॉर्ड की जांच में सामने आया कि आरोपी को पुलिस उपायुक्त, परिमंडल क्र. 1 ने 28 नवंबर 2014 को नागपुर शहर व ग्रामीण क्षेत्र से 2 वर्षों के लिए तड़ीपार किया गया था।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 189-8 | 670-3 |
| श्रीदेवी नाईट | 790-6 | 580-3 |

# यवतमाल जिला कराटे प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन!

## श्रीराम स्कूल ऑफ स्कॉलर में संपन्न हुई कराटे प्रतियोगिता

**दिग्रस.** शहर के श्रीराम स्कूल ऑफ स्कॉलर में हाल ही में स्वर्गीय राजकुंवर जगदीशचंद्र लड्ढा की स्मृति में आयोजित यवतमाल जिला कराटे प्रतियोगिता 2025-26 बड़े ही जोश और उत्साह के वातावरण में संपन्न हुई. स्पोर्ट शोतोकान कराटे डु एसोसिएशन ऑफ इंडिया की ओर से एसओएस कराटे क्लब दिग्रस के प्रशिक्षक सेन्साई शेख सोनू शेख अब्दुल सर ब्लैक बेल्ट धारक इनके कुशल मार्गदर्शन में यवतमाल जिला कराटे स्पर्धा का आयोजन श्रीराम स्कूल ऑफ स्कॉलर में किया गया. उत्साह और अनुशासन के साथ आयोजित उक्त प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रमुख अतिथि के रूप में पहुंचे दिग्रस के तहसीलदार मयूर राऊत के हाथों से किया गया. इस मौके पर कार्यक्रम में भारतीय सेना में कार्यरत दिग्रस के सुपुत्र स्वप्निल मोरे का विशेष तौर पर सत्कार किया गया. इस कार्यक्रम में अध्यक्ष के रूप में श्रीराम स्कूल ऑफ स्कॉलर चे ट्रस्टी अजय मोदानी मौजूद थे. इस दौरान तहसीलदार मयूर राऊत ने अपने भाषण में खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कराटे तथा अन्य किसी भी खेल स्पर्धाओं में निरंतर भाग लेने और दिग्रस शहर का नाम रौशन करने का आग्रह किया. साथ ही उन्होंने इस प्रतियोगिता के आयोजकों को बधाई भी दी. इस स्पर्धा के आयोजन को सफल बनाने मे आयोजक समिति के सदस्य सेन्साई चंद्रशेखर भीमटे सर, सेन्साई विजय सालोडे सर, शीहान सागर शेलार सर, शिहान मंगेश भोंगाडे सर और सेन्साई सोनू शेख सर सहित खिलाड़ियों के पालकों ने अथक योगदान दिया. गौरतलब है कि, इस स्पर्धा का आयोजन स्पोर्ट शोतोकान कराटे डु एसोसिएशन ऑफ इंडिया इस राष्ट्रकृत संगठन की अधिकृत अनुमति से किया गया. इस कार्यक्रम का सूत्रसंचालन श्रीराम स्कूल के तन्मय मोहिते सर ने किया. इस स्पर्धा के विजेताओं को उनके उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के लिए उत्कृष्ट मेडल और प्रमाणपत्र से सन्मानित किया गया. आगामी राज्यस्तरीय अकोला में संपन्न होने जा रही स्पर्धा के लिए खिलाड़ियों का चुनाव करने की प्रक्रिया जारी है ऐसी जानकारी आयोजकों ने दी है. कार्यक्रम के अंत मे मान्यवरों ने आयोजको सहित खिलाडियों का अभिनंदन कर उन्हें आगामी स्पर्धाओं के लिए शुभेच्छा प्रदान की.







